सेंट मारग्रेट सी० सै० स्कूल

प्रतिदर्श पत्र वार्षिक परीक्षा 2024-25

विषय : हिन्दी

कक्षा : छठी

समय : 2.30 घंटा **कुल अंक : 60**

(खंड - क) अपठित बोध

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

वृक्ष प्रकृति के अनुपम वरदान हैं। वे हमें छाया, फल और लकड़ी देते हैं। मनुष्य ने लकड़ी से बहुत फ़ायदा उठाया। उसने लकड़ी का ईधन के रूप में इस्तेमाल किया, मकान और झोंपड़ियाँ बनाई। वृक्षों की लकड़ी और उसके उत्पाद जैसे-नारियल का जूट, लकड़ी का बुरादा, चीड़ की लकड़ी आदि विभिन्न वस्तुओं का प्रयोग फल, काँच के बरतन आदि नाजुक पदार्थों की पैकिंग के लिए किया जाता है। वृक्ष हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं। वृक्षों से बाढ़ के नियंत्रण में भी सहायता मिलती है।

प्रश्न

(क) वृक्ष हमें क्या-क्या देते हैं? [1]

(ख) लकड़ी से क्या-क्या चीजें बनती हैं? [2]

(ग) वृक्ष किसके नियंत्रण में सहायक है? [1]

(घ) मनुष्य ने लकड़ी का किस रूप में इस्तेमाल किया। [1]

(ङ) अनुच्छेद में से दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए। [1]

(खंड - ख) व्याकरण

प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विकल्प में से छाँटकर लिखिए:- **(1x5=5)**

क) "बच्चा <u>अचानक</u> रोने लगा" | वाक्य में रेखांकित शब्द, क्रिया विशेषण का कौन-सा भेद है-

i) कालवाचक ii) संबंधबोधक iii) स्थानवाचक iv) रीतिवाचक

ख) 'मैं श्याम ______ बाज़ार जाऊँगा |' सही संबंधबोधक चुनकर वाक्य पूरा कीजिए-

i) के साथ ii) के सामने iii) के बाद iv) के आगे

ग) निम्नलिखित में से कौन-सा समुच्चयबोधक शब्द है?

i) इसका ii) उसका iii) उसने iv) या

घ) 'शाबाश ! तुमने बहुत अच्छा काम किया' | वाक्य में कौन-सा अव्यय है?

i) प्रश्नवाचक ii) कालवाचक iii) संबंधबोधक iv) विस्मयादिबोधक

ड़) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है-

i) रात्री ii) रात्रि iii) रातृ iv) रातरी

प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर व्याकरण के आधार पर लिखिए:-

(क) उचित स्थान पर विराम चिहन लगाइए: अरे तुम कब आए (1)

(ख) '<u>अंधे की लकड़ी</u>' व '<u>आकाश पाताल का अन्तर होना</u>' मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए | (2)

(ग) क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्दों को _________ कहते हैं | (1)

(घ) 'विद्यालय <u>के पीछे</u> बाग़ है'- रेखांकित शब्द में कौन-सा अव्यय है? (1)

(ङ) योजक शब्द लगाकर वाक्य पूरा कीजिए:- राम बहुत तेज़ दौड़ा ____ जीत न सका | (1)

(च) निम्नलिखित में से अर्ध-विराम कौन-सा है? (1)

i) **!** ii) **-** iii) **;** iv) **०**

(छ) '**ओह**' अथवा '**वाह**' विस्मयादिबोधक शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए | (1)

(ज) '<u>कई बन्दर कूद रहा है|</u>' वाक्य को शुद्ध कीजिए | (1)

(खंड - ग) साहित्य

प्रश्न 4 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (1x5=5)

गाँधी अपने से बड़ों का बड़ा आदर करते थे। दक्षिण अफ्रीका में गोखले गाँधी के साथ ठहरे हुए थे उस समय गाँधी ने उनके दुपट्टे पर इस्त्री की। वह उंनका बिस्तर ठीक करते थे, उनको भोजन परोसते थे और उनके पैर दबाने को भी तैयार रहते थे। गोखले बहुत मना करते थे, लेकिन गाँधी नहीं मानते थे। महात्मा कहलाने से बहुत पहले एक बार दक्षिण अफ्रीका से भारत आने पर गांधी कांग्रेस के अधिवेशन में गए। वहाँ उन्होंने गंदे पाखाने साफ़ किए और बाद में उन्होंने एक बड़े कांग्रेसी नेता से पूछा, "मैं आपकी क्या सेवा कर सकता हूँ?" नेता ने कहा, "मेरे पास बहत से पत्र इकट्ठे हो गए हैं जिनका जवाब देना है।

प्रश्न

(क) यह गद्यांश कौन-से पाठ से लिया गया है?

(ख) दक्षिण अफ्रीका से भारत आने पर गाँधी किसके अधिवेशन में गए?

(ग) गाँधी जी के साथ दक्षिण अफ्रीका में कौन ठहरा था?

(घ) गाँधी जी पाँव दबाने को भी तैयार रहते थे। इससे उनमें कौन-से गुण होने की पुष्टि होती है?

(i) त्याग कि भावना होना (ii) बहुत मेहनत करना

(iii) परोपकारी होना (iv) सेवा भाव कूट-कूटकर भरा

(ङ) गाँधी जी ने मेहमान के लिए कौन-सा काम किया?

(i) कपडे प्रेस किए (ii) बिस्तर ठीक किया (iii) भोजन परोसकर दिया (iv) बर्तन साफ किए

प्रश्न 5 निम्न काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x5=5)

पुर तें निकसीं रघुबीर-बधू, धरि धीर दए मग में डग द्वै।
झलकीं भरि भाल कनी जल की, पुट सूखि गए मधुराधर वै।।
फिरि बूझति हैं, "चलनो अब केतिक, पर्णकुटी करिहौं कित ह्वै?"
तिय की लखि आतुरता पिय की अँखियाँ अति चारु चलीं जल च्वै।।

प्रश्न

(क) यह पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं?

(ख) इन पंक्तियों में कवि ने किस समय का वर्णन किया है?

(ग) वन मार्ग पर कौन-कौन जा रहे थे?

(घ) राम की आँखों से आँसू क्यों बहने लगे?

(i) थकान के कारण (ii) प्यास के कारण

(iii) चलने के कारण (iv) सीता की व्याकुलता के कारण

(ड़) 'भाल' शब्द का सही अर्थ बताइए-

(i) काँटे (ii) मस्तक (iii) तलवार (iv) हाथ

प्रश्न 6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

(क) माँ मोहन के ऐसे-ऐसे कहने पर क्यों घबरा रही थी?

(ख) निबंध में लोकगीतों के किन पक्षों की चर्चा की गई है?

प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

1. 'पर सारे देश के....... अपने अपने विद्यापति हैं' इस वाक्य का क्या अर्थ है? लोकगीत पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए|

2. आशय स्पष्ट करें।

हाथ पकड़ फिर सदा हमारे, साथ नहीं फिरती दिन रात!

(खंड - घ) लेखन

प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 -100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **(5)**

मेरा मित्र **अथवा** खेलों का महत्त्व

प्रश्न 9. मित्र को अपने माता-पिता की शादी की सालगिरह पर आमंत्रित करते हुए निमंत्रण पत्र लिखिए। **(5)**

अथवा

छात्रावृत्ति के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए |

प्रश्न 10 दो दोस्तों के बीच खेल कक्षा को लेकर हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए | **(5)**

प्रश्न 11 दिए गए चित्र का वर्णन 80 -100 शब्दों में कीजिए | **(5)**